# रहमान की डॉक्यूमेंट्री का मेलबर्न फेस्ट में प्रीमियर

ऑस्कर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार एआर रहमान ने रोहित गुप्ता द्वारा निर्देशित अपनी डॉक्यूमेंट्री 'हेडहंटिंग टू बीटबॉक्सिंग' का पहला लुक जारी किया है। इसका विश्व प्रीमियर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आइएफएफएम) 2024, ऑस्ट्रेलिया में होगा। यह फिल्म नागालैंड में लय और ध्वनि की आकर्षक यात्रा की पड़ताल करती है, जो संस्कृतियों, जनजातियों और पीढ़ियों में संगीत के विकास का पता लगाती है। हेडहंटिंग जनजातियों की प्राचीन परंपराओं से संगीत पुनर्जागरण तक, दर्शकों को एक गहन और ज्ञानवर्धक संगीतमय मानवशास्त्रीय यात्रा है।




रहमान ने कहा, 'यह फिल्म हमारे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह नागालैंड के खूबसूरत राज्य पर प्रकाश डालती है। यह सांस्कृतिक और संगीत इतिहास पर प्रकाश डालती है।'